पशु जागृति अभियान अंतर्गत पशु बांझपन शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में एवं अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम बोतराई विकासखंड – पथरिया, जिला–दमोह में पशु जागृति अभियान अंतर्गत पशु बांझपन शिविर एवं जागरूकता संघोष्टी का आयोजन दिनांक 23.02.2024 को मत्स्य मंत्रालय एवं डेयरी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वाधान में किया गया जिसके मुख्य अतिथि माननीय लाखन पटेल जी, मंत्री, पशु पालन एवम डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल थे। वित्तपोषित कार्यक्रम में लगभग 215 पशुओं की जांच, एवं बीमार पशुओं का इलाज किया गया साथ ही दवाइयां एवं भोजन भी 300 हितग्राहियों को वितरित किया गया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ डॉ. सुनील नायक, निदेशक विस्तार शिक्षा, नोडल अधिकारी डॉ. जी.पी लखानी, डॉ. एस.एन शुक्ला, विभाग के प्रमुख, डॉ देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. एस.एम. त्रिपाठी, डॉ रणबीर जाटव, डॉ. अभिषेक बिसेन, डॉ राजकुमार पटेल, डॉ. अपूर्वा मिश्रा, डॉ. के.पी. कुर्मी एवं उपसंचालक डॉ. ए.डब्ल्यू. खान के द्वारा वैज्ञानिक विधि से डेयरी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं योजनाएं पर व्याख्यान दिए गए। जूनियर डॉ. प्रवेश द्विवेदी, आर्य और अन्य के विशेष सहयोग से इस शिविर एवं संगोष्ठी का संचालन किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर